(b) Recovery and

ings are launched wherever necessary. Recovery and prosecution proceedings have been started against Textile Mills of Bhopal.]

कृषि उत्पादन में प्रतिस्पर्धाएं

817. श्री विमलकुमार मन्नालालजी चोरड़िया : क्या खाद्य तथा कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि अभी तक केन्द्रीय सरकार द्वारा भिन्न भिन्न सामग्रियों के उत्पादन के लिए जो प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की गई, उनमें से किस किस सामग्री का सब से अधिक उत्पादन किस किस वर्ष में कहां कहां और कितना कितना हुआ ?

**t [COMPETITIONS IN ARAJPRODUCTION**

817. SHRI V. M. CHORDIA: Will the Minister of FOOD AND AGRICULTURE be pleased to state the names of the agricultural commodities in which maximum production was achieved during the competitions organised so far by the Central Government together with the year in which and the place where il was achieved, and the quantity produced in each case?]

खाद्य तथा कृषि मंत्रालय में उपमंत्री (श्री शाहनवाज खां) : केन्द्रीय सरकार द्वारा आयोजित अखिल भारतीय फसल प्रतिस्पर्धाएं में किसी फसल में सब से अधिक प्रति एकड़ उपज पैदा करने वाले को "कृषि पंडित" का पदक प्रदान किया गया। एक ऐसा विवरण जिसमें कृषि पंडितों के नाम तथा उनके पते और किस किस वर्ष में तथा किस-किस फसल में यह प्रति एकड़ उपज प्राप्त हुई है, इत्यादि के विषय में जानकारी दी गई है, संलग्न है। [देखिये परिशिष्ट 51, अनुपत्र संख्या 36]

[HE DEPUTY MINISTER IN mi, MINISTRY OF FOOD AND AGRICULTURE (SHRI SHAH NAWAZ KHAN): In the All India Crop Competitions organised by Central Government, the cultivator who produced the highest yield per acre in a crop was awarded the title of "Krishi Pandit". A statement showing names of Krishi Pandits, with addresses, where they produced the maximum yields, year and the crop in which they obtained the yields, and yields obtained per acre, is attached. Appendix LI, Annexure No. 36).j

मुद्रण तथा प्रकाशन सहकारी समितियां

818. श्री भगवत नारायण भार्गव : क्या सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि देश में इस समय कितनी मुद्रण तथा प्रकाशन सहकारी समितियां हैं ; वे कहां कहां कार्य कर रही हैं और उन्हें वित्तीय सहायता मिलने के क्या साधन हैं ?

**t [COOPERATIVE PRINTING AND PUBLISHING Socii a**

818. SHRI B. N. BHARGAVA: Will the Minister of COMMUNITY DEVELOPMENT AND COOPERATION be pleased to slate the number of cooperative printing and publishing societies functioning in the country, the names of the places where they are functioning and the sources from which they get financial assistance[0]]

सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में उपमंत्री (श्री बी० एस० मूर्ति) : अद्यतन जानकारी एकत्रित की जा रही है और सभापटल पर रख दी जायेगी।

1[THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMUNITY DEVELOPMENT AND COOPERATION (SIWI B. S. MURTHY): Uptodate information is being collected and will be laid on tb* Table of the House.]

t[ ] English translation.